संख्या-**483/2025-83-1099/78/2022**

प्रेषक,

संयुक्ता समद्दार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन |

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक सुरक्षा, उ०प्र०,
लखनऊ |

नागरिक सुरक्षा अनुभाग लखनऊ: दिनांक 05 जून, 2025

विषय: प्रदेश के शेष 60 जनपदों में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापित किये जाने के दृष्टिगत नागरिक सुरक्षा विभाग के अन्तर्गत उप नियंत्रक एवं सहायक उप नियंत्रक (साधारण वेतनमान), नागरिक सुरक्षा के पदों के सृजन के सम्बन्ध में|

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र संख्या-399/अनु-1/36/2017, दिनांक 29.03.2023 के सन्दर्भ में मुझे यह करने का निदेश हुआ है कि सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की दिनांक 09.05.2025 को आयोजित बैठक में समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों के क्रम में प्रदेश के 60 जनपदों (अयोध्या,अलीगढ़, अंबेडकर नगर, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, उन्नाव, बागपत, बहराइच, बांदा, बाराबंकी, बलिया, बस्ती, बिजनौर, बदायूं, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, कन्नौज, अमरोहा, कासगंज, कानपुर देहात, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हमीरपुर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, कुशीनगर, कौशांबी, महोबा, मैनपुरी, महाराजगंज, मऊ, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, संभल, संत रविदास नगर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, शामली, सीतापुर, श्रावस्ती, सोनभद्र, सुल्तानपुर, मिर्जापुर, सिद्धार्थनगर व बलरामपुर) में तथा नागरिक सुरक्षा जनपद पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली) में उप नियंत्रक का पद अभी तक सृजित न होने से उस जनपद में भी उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा का पद सृजित किये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका के अनुसार उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा के कुल 61 पद एवं उक्त 60 जनपदों हेतु सहायक उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा (साधारण वेतनमान) के 60 पद अर्थात कुल 121 पदों के सृजन की राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रति जनपद (मुख्यालय स्तर पर)

क्र0	पदनाम	पदों की संख्या	पुनरीक्षित वेतनमान	लेवल/ ग्रेड पे	भर्ती का स्रोत
1.	उप नियंत्रक (समूह-ख)	01 पद अर्थात 60 जनपदों हेतु 60 पद	रु० 56100-177500	10/5400	पदोन्नति द्वारा
2.	सहायक उप नियंत्रक (साधारण वेतनमान) (समूह-ग)	01 पद अर्थात 60 जनपदों हेतु 60 पद	रु० 35400-112400	06/4200	(एक) 75% सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 25% मौलिक रूप से नियुक्त स्टोर अधीक्षक श्रेणी-एक में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो पदोन्नति द्वारा।
3.	पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली) हेतु 01 पद उप नियंत्रक (समूह-ख)	01	रु० 56100-177500	10/5400	पदोन्नति द्वारा।
	कुल योग	121 पद			

2- उपर्युक्त पदों के धारकों को उक्त वेतनमान के अतिरिक्त अन्य भत्ते, जो नियमानुसार अनुमन्य होंगे, देय होंगे |

3- उपर्युक्त पदों के सृजन के उपरान्त होने वाले व्ययभार विभाग के संगत लेखा मदों के अंतर्गत नियमानुसार वहन किया जायेगा |

4- उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप संगत नियमावलियों में यथाआवश्यक संशोधन पृथक से किये जायेंगे |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-E-12-107-X-2025-26, दिनांक 30-05-2025 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं |

भवदीय,
संयुक्ता समद्दार
प्रमुख सचिव |

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली|
2- महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, ईस्ट ब्लॉक-7, लेवल-7, आर०के० पुरम, नई दिल्ली |
3- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकादरी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज |
4- महालेखाकार (लेखा एवं लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज |
5- जिलाधिकारी/नियंत्रक, समस्त जनपद, उ०प्र० |
6- कोषाधिकारी, समस्त जनपद, उ०प्र० |
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12, उत्तर प्रदेश शासन |
7- वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1/2, उत्तर प्रदेश शासन |
8- कमान्डेंट, केन्द्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, उ०प्र०, लखनऊ |
9- गार्ड फाइल |

आज्ञा से,
मनोज कुमार राय
विशेष सचिव |

http://shas

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।